The Pioneer
Delhi, 18 May 2023



# SOLAR VEHICLE FOR AGRICULTURAL USE DEVELOPED



**Noida:** A path-breaking innovation, christened "SO-APT", which is a unique solar-operated Agro Vehicle, has been developed by a student of Amity International School, Pushp Vihar, in the national Capital. Suhani Chauhan, a student of Class XI, has developed this eco-friendly vehicle for agricultural use, highly beneficial for the farmers, and can be used to operate fodder cutting machine, centrifugal pumps, fans, lights and mobile charging. With a distance covering capacity of 60 kms, with fully a charged battery and special features such as load carrying capacity of 400 kg and low and high-speed regulation, the vehicle can be used for seed-sowing, spraying, irrigation, etc. Suhani said showcasing her innovation during the National Technology Week-2023 was a "dream come true."

# 11वीं की छात्रा ने विकसित किया सौर ऊर्जा से चलने वाला एग्रो व्हीकल

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** राजधानी के एक स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा ने किसानों के लिए सौर ऊर्जा से चलने वाला एक वाहन विकसित किया है। इस एग्रोव्हीकल का नाम एसओ-एपीटी है। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल पुष्प विहार के कक्षा 11 वीं की छात्रा सुहानी चौहान ने पोर्टेबल उपकरणों के साथ सौर उर्जा से चलने वाला यह वाहन विकसित किया है। यह वाहन कृषकों के लिए बहुउपयोगी और किफायती होगा जो उनकी लागत को कम करके विकास में सहायक होगा।

यह वाहन शून्य कार्बन उत्सर्जन के साथ कृषि उपयोग के लिए एक बहुक्रियाशील और सौर ऊर्जा संचालित है जो किसानों के लिए अत्यधिक लाभकारी है। इसका उपयोग चारा काटने की मशीन, पंप, रोशनी और मोबाइल चार्जिंग को संचालित करने के लिए किया जा सकता है। 60 किमी की दूरी को कवर करने की क्षमता के साथ पूरी तरह से चार्ज बैटरी पर 400 किलोग्राम की भार वहन क्षमता, कम और उच्च गति विनियमन जैसी विशेष सुविधाओं के साथ वाहन का उपयोग बीज बोने छिड़काव, सिंचाई, खेत की जुताई के लिए किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न कृषि जरूरतों को पूरा करने की क्षमता इसकी उपयोगिता का उच्च बनाती है। पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित होने के कारण वाहन की दैनिक परिचालन लागत लगभग शून्य हो जाती है और कम पुर्जों के कारण रखरखाव लागत भी नगण्य है। यह वाहन कम कीमत पर उपलब्ध होगा और किसानों के लिए किफायती होगा।

- यह वाहन कृषकों के लिए बहुउपयोगी और किफायती होगा
- वाहन का उपयोग बीज बोने छिड़काव, सिंचाई, खेत की जुताई के लिए किया जा सकता है
- इससे चारा काटने की मशीन व पंप चलाने , रोशनी करने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं

छात्रा सुहानी चौहान ने कहा कि एक शोध उन्मुख और वैज्ञानिक स्वभाव होने के कारण मैं कुछ अनूठा बनाना चाहती थी जो देश व देश के कृषकों के विकास में योगदान दे सके। मैंने अपने देश में किसानों की परेशानियों को समझा और इसी ने मुझे इस अनोखे कृषि वाहन का अविष्कार करने के लिए प्रेरित किया। लगभग 85 प्रतिशत किसान आर्थिक रूप से कमजोर हैं और यह वाहन उनकी उपज बढ़ाने और उत्पादन लागत को कम करने में सहायक होगा।

NITI Aayog | ATAL INNOVATION MISSION

# CERTIFICATE

## OF APPRECIATION

This certificate is presented to

**Suhani Chauhan**

*of* Amity International School,Pushp Vihar

*for showcasing their Innovations at the AIM Pavilion during the National Technology Week 2023 held at Pragati Maidan from 11th - 14th May 2023*

Chintan Vaishnav

**Dr. Chintan Vaishnav**
Mission Director
AIM, NITI Aayog

# Selected for National Technology Week under ATAL TINKERING MISION






